## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 04.09.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस–05 का किया सफल प्रक्षेपण।
2. झारखंड में बंद होने वाली कोयला खदानों के पुनर्वास की पहल, गिरिडीह ओसीपी और रामगढ़ की करमा ओसीपी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित।
3. रांची में 'मेरा रेशम, मेरा अभिमान 2.0' अभियान का समापन, तसर किसानों को आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों और उच्च गुणवत्ता वाले कोकून उत्पादन के लिए किया गया जागरूक।
4. भर्ती व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर सरायकेला–खरसावां पहुंची भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा, पेपर लीक और भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग।
5. देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही जन्माष्टमी, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।

******************

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज तड़के श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी– एफ17 रॉकेट के माध्यम से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस–05 का सफल प्रक्षेपण किया। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसएलवी–एफ17 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि यह सफलता भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की उत्कृष्टता, नवाचार और बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इसरो और भारतीय उद्योग के बीच बढ़ती साझेदारी से देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ताकत और विस्तार मिल रहा है।

******************

झारखंड सरकार ने बंद होने वाली कोयला खदानों के वैज्ञानिक पुनर्वास और सतत उपयोग के लिए गिरिडीह ओपन कास्ट प्रोजेक्ट और रामगढ़ जिले की करमा ओसीपी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना है। सीएमएल, सीएमपीडीआई, कोल कंट्रोलर ऑर्गनाइजेशन और जीआईजेड के प्रतिनिधियों की बैठक में इन खदानों के लिए फाइनल माइन क्लोजर एंड रिपर्पजिंग प्लान तैयार करने का निर्णय लिया गया। करमा ओसीपी के आसपास के प्रभावित गांवों में आजीविका के अवसर विकसित करने के साथ बंद खदानों की भूमि और जल संसाधनों का उपयोग पर्यटन, कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन और कौशल विकास के लिए किया जाएगा।

******************

केंद्रीय रेशम बोर्ड के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची द्वारा संचालित 'मेरा रेशम, मेरा अभिमान 2.0' अभियान का समापन पायलट प्रोजेक्ट केंद्र, पीपीसी, बंदगांव में हुआ। इस अभियान का उद्देश्य आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को प्रयोगशाला से सीधे किसानों तक पहुंचाना और उच्च गुणवत्ता वाले कोकून उत्पादन को बढ़ावा देना है। समापन समारोह में निदेशक डॉ. प्रतीक कुमार ने तसर किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कीटपालन से जुड़ी चुनौतियों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

******************

झारखंड में भर्ती व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता की मांग को लेकर शुरू हुई 'भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा' आज सरायकेला–खरसावां पहुंची। देवेंद्रनाथ महतो ने सरकार से नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और पेपर लीक तथा भ्रष्टाचार में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

******************

झारखंड विधानसभा की विशेष समिति ने धनबाद में जमीन से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए बीसीसीएल को आईएसएम धनबाद के समन्वय से जमीन की सैटेलाइट मापी कराने का निर्देश दिया। समिति ने सिजुआ–मेलाटांड़ में टाटा द्वारा इस्तेमाल की जा रही सरकारी जमीन और अधिग्रहित रैयती जमीन के राजस्व भुगतान की रिपोर्ट भी मांगी। दामोदर नदी में अतिक्रमण हटाने के लिए बीसीसीएल ने छह महीने में कार्रवाई पूरी करने पर सहमति जताई, जबकि लंबित भूमि मामलों और रैयतों के भुगतान के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया।

*****************

रांची में छात्रों के आंदोलन को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप तेज हो गया है। सत्ता पक्ष ने मुख्य सचिव से मिलकर आंदोलन की आड़ में उपद्रव करने वालों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा है कि छात्रों को अराजक तत्व बताना दुर्भाग्यपूर्ण है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि छात्रों की आड़ में अराजकता फैलाने का आरोप लगाना उचित नहीं है।

*****************

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन्माष्टमी के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं और संदेश से भारतीय संस्कृति और दर्शन में जीवंतता आती है।

*****************

रांची में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बोड़या स्थित मदन मोहन मंदिर में विशेष सजावट और पूजा–अर्चना की व्यवस्था की गई है। मंदिर के पुजारी के अनुसार जन्माष्टमी के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

*****************

कन्या भ्रूण हत्या और अवैध लिंग जांच पर रोक के लिए रांची में आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों ने कर्नाटक के सफल मॉडल को झारखंड में लागू करने पर चर्चा की। अवैध लिंग जांच की सटीक सूचना देने वाले मुखबिरों को एक लाख रुपये तक तथा मामलों में प्रभावी पैरवी में सहयोग करने वालों को 20 हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि देने की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों की कड़ी निगरानी और पीसीपीएनडीटी एक्ट के शत–प्रतिशत अनुपालन को अनिवार्य बताते हुए रांची, धनबाद समेत सभी जिलों में नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए।

*****************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक आज दोपहर के कारोबार में आधे प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 551 अंक बढ़कर 76 हजार 704 पर और निफ्टी 69 अंक की तेजी के साथ 23 हजार 943 पर पहुंच गया था।

*****************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 300 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 48 हजार रूपये प्रति किलो है।

*****************

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की तीन दिवसीय अंतर–क्षेत्रीय बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता का रांची के खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों और इकाइयों के 189 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनके बीच पुरुष, महिला और वेटरन वर्ग में मुकाबले होंगे।

*********समाप्त*********